The cash crops and the agricultural products of Kerala do not get reasonable prices due to the wrong import policy of the Central government and the anti-farmer activities of the Kerala government. More than 1200 farmers have committed suicide under the burden of debt. Every year the state faces the loss of hundreds of lives and crores of rupees due to floods, landslides and drought. The state government does not the get the central aid it deserves. The state government fails in reporting to the Central government the actual figures of suicides and the losses due to natural calamities. The farmers as well as agricultural labourers in Kerala are in poverty. Due to the hike in the tariffs of power and water and the rise in the prices of fertilizers and pesticides farming has become hugely loss making. Farmers have to pay a higher price for the things they purchase and get a much lower price for the products they sell. The Public Distribution System of the government has collapsed. Fair price shops are being closed. Sufficient quantity of rice, sugar, wheat and kerosene are not available. Many ration shop owners have already committed suicide. In the open market the prices are escalating. Women are the only cheap things in Kerala. The main industry in Kerala is exploitation of women and trade of girls. And there is a special minister for that department.

---

*English Translation of the speech originally delivered in Malayalam.

In Kerala law and order and communal harmony are in trouble. Life has become unbearable for the public. There is no safety for the life and property of the people. Unemployment is too severe. Administration has come to a standstill in Kerala. All the traditional industries like coir, cashew nut, handloom, handicrafts, clay, toddy tapping and fishing are decaying. The workers of plantation estates like rubber, coffee, tea, and cardamom are all in poverty. Almost all industries have been locked up. No new industry is coming up. Even the existing employees are being dismissed. There are absolutely no new employment opportunities. Fishing has stopped in Kerala due to the paucity and price rise of kerosene. Lakhs of fishermen in the coastal area are in poverty. Due to the frequent hiking of the price of cooking gas the womenfolk are against the UPA government. The wrath of women is never good for a government.

The common people face difficulties in traveling as the fares of bus, auto rickshaws and taxies have gone up. Students are at the receiving end of the hike in the prices of petroleum products.

The hiked price of diesel has resulted in higher farming expenditure and higher losses. The expenses to reach the agricultural products to the market also have increased.

Legislations should be made and enacted for land reforms and educational reforms in every state of the country in the model of Kerala. Welfare schemes and pension schemes should be formulated and implemented for farmers, workers and other weaker sections of the society. Urgent measures should be taken to curb unemployment and poverty. Unemployment wages, old age pensions and widow pensions should be given to the deserved.

It is very easy to raise funds by hiking the prices of petroleum products and by hiking railway freight charges. There is no need for special ministers at the Centre for that purpose. Even officials can do it. The government should think about raising funds by collecting the tax arrears from the rich people and industrialists and by imposing luxury tax on the rich class. There should be steps to curb the increasing corruption in our society. If UPA government follows the wrong path of BJP government it is bound to meet the same fate.

The rise in the prices of petroleum products has caused a lot of misery to the ordinary people of the country. In this respect the central government should adopt a humanitarian attitude. The government should save the people by reducing the prices of petroleum products and defeat the opposition.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : सभापति महोदय, हम नियम 193 के अधीन मंहगाई पर चर्चा कर रहे हैं। इस चर्चा का मतलब यह है कि महंगाई रोकने में सरकार नाकामयाब और विफल रही है। पूरे सदन की भावना को समझने के बाद सरकार इसे रोकने का सार्थक प्रयास करेगी । परस्पर दोषारोपण करने के अलावा बेहतर यह होगा कि आम आदमी जो आज परेशान है, जिस की क्रय शक्ति कम हुई है, आम उपयोग की चीजें जो उसकी खरीद से बाहर हैं, हम उसके बारे में सोचें। इस चर्चा के बाद आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए हम चार कदम आगे बढ़ सकें तो मैं समझता हूं कि यही चर्चा की सार्थकता है। यही प्रयास इस चर्चा के माध्यम से सदन करना चाहता है।

महोदय, वित्त मंत्री जी यहां बैठे हैं। यह राजनीतिक दलों की परेशानी नहीं है। यह हिन्दुस्तान के करोड़ों आम आदमियों की परेशानी है। यह परेशानी ऐसी है, यदि इस पर तत्काल नियंत्रण नहीं किया गया तो व्यवस्था बिगड़ेगी और अंततोगत्वा कानून और व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ेगी। हमें यह बात भी जोड़ कर देखनी होगी। जब यह सरकार बनी तो इस सरकार के प्रधान मंत्री श्री मनमोहन सिंह जी ने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है लेकिन सबसे अधिक तकलीफदायक बात यह है कि इस बीच जो बयान छपे, वे आपस में मेल नहीं खाते थे। प्रधान मंत्री जी ने ट्रेड एंड इंडस्ट्री की एक बैठक में कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढती कीमतों से भारत तेल की बढ़ती कीमतों से अछूता नहीं रह सकता। दूसरी तरफ पैट्रोलियम मंत्री ने कहा कि पैट्रोलियम उत्पादों पर टैक्स लगने के कारण मंहगाई बढ़ी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी हमारी सरकार है और केन्द्र में भी हमारी सरकार है तो पैट्रोल 17 रुपए 42 पैसे में बिकना चाहिए लेकिन वह 37 रुपए 84 पैसे में बेचा जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्षा कम होने के कारण कृषि उत्पादन पर बोझ पड़ा है तथा पैट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती हुई कीमतों से महंगाई बढ़ी है।

वित्त सचिव कहते हैं महंगाई कम करने के लिए लेकिन करों में कटौती करने की कोई जरूरत नहीं है और प्रधान मंत्री कहते हैं कि एशिया के अन्य देशों के समान कराधान की व्यवस्था आगामी बजट में है । मेरे कहने का मतलब है कि कम से कम सरकार के जो मंत्री और जिम्मेदार लोग हैं, इनका तो सुर में सुर मिलना चाहिए। महँगाई के सवाल पर इस सरकार का परस्पर विरोधी आचरण है, विरोधी रवैया है । उसके लिए मैं एक शेर पढ़ूं तो ठीक ही है -

अपनी सूरत का खुद एहसास नहीं है मुझको ।
मैंने गैरों से सुना है कि परेशान हूं मैं ।।

इस प्रकार से सरकार का जो आचरण है और जिस तरह से यह सरकार महँगाई रोकने में दिशा भ्रमित है, क्या सार्थक प्रयास करेगी, यह मेरी समझ से बाहर है । यह बात सही है कि 28 अगस्त को मुद्रास्फीति की दर बढ़ कर 8.33 प्रतिशत तक पहुँच गई थी जो पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक थी । यह भी संभावना हो सकती है क्योंकि सरकार कहती है, इराक और पश्चिमी एशिया में जो अशान्त क्षेत्र है, उसके चलते पेट्रोल और डीजल में मूल्य वृद्धि की संभावना बनी रहेगी । मिल्टन फ्रीडमैन एक प्रमुख अर्थशास्त्री हैं । उनका कहना है - "महंगाई एक तरह से एक ऐसा टैक्स है जो बिना किसी नोटिस के वसूल किया जाता है।" यह गंभीर और महत्वपूर्ण सवाल है । जब पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि की या मूल्य बढ़ाए गए तो उसका व्यापक असर हुआ । डीजल के दामों की वजह से छोटे मार्गों पर माल भाड़ा में 25 से लेकर 30 परसेंट वृद्धि हो गई और राष्ट्रीय राजमार्गों पर माल भाड़ा सात परसेंट तक बढ़ा । 1998 के लेकर अब तक पेट्रोलियम पदार्थों के दाम 19 बार बढ़े और 8 बार कम हुए हैं। कहा जाता है, अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब क्रूड आयल और पेट्रोलियम का दाम बढ़ जाता है तब पेट्रोलियम के दाम बढ़ाना हमारी मजबूरी हो जाती है । अभी पांच-छः दिन पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम घटा, लेकिन तेल कंपनियों ने साफ मना कर दिया कि हम किसी भी कीमत पर पेट्रोलियम पदार्थों के दाम कम नहीं करेंगे । सरकार और कंपनियां कहती हैं कि 20,000 करोड़ रुपए हमें घाटा हो रहा है । सही मायने

मे यह बात है कि जो मुनाफा होता है, जब उस मुनाफे में कम मुनाफा होना शुरू हो जाता है तो उस कम मुनाफे को अपना घाटा बताना शुरू कर देते हैं । यह अजीब बात है । मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूँ कि अगर घाटा हो रहा है तो ये आंकड़ें कहाँ से आते हैं । तेल कंपनियों का जुलाई, अगस्त, सितम्बर, इन तीन महीनों का मुनाफा है । इंडियन ऑयल कारपोरेशन का 1,239 करोड़ रुपए है, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन का 321 करोड़ रुपए है, हिंदुस्तान पेट्रोलियम लिमिटिड का 294 करोड़ रुपए है। ये आंकड़ें कहाँ से आते हैं । तेल कंपनियां बराबर मुनाफा कमा रही हैं और सरकार निरंतर राग अलाप रही है कि तेल कंपनियां घाटे में चल रही हैं, सरकार घाटे में है । सभापति महोदय, इनका सत्यता से कोई संबंध नहीं है । मैं आपके मार्फत निवेदन करना चाहूंगा और उन बातों को दोहराना नहीं चाहूंगा । 1989 में पेट्रोल साढ़े आठ रुपए था और अब 39 रुपए प्रति लीटर हो गया है । इस प्रकार डीजल 3 रुपए 50 पैसे था, वह बढ़कर 26 रुपए 80 पैसे हो गया है । इस तरह से चीजों के दाम बढ़े हैं । इन कंपनियों में सरकार के लाभांश के आंकड़े मेरे पास हैं

Comment [r30]:

भारतीय तेल कम्पनियों द्वारा सरकार को वर्ष 2003-04 में लाभांश IOCL द्वारा 1105 करोड़ रुपये, HPCL द्वारा 370 करोड़ रुपये और BPCL द्वारा 350 करोड़ रुपये दिये गये। इस साल की द्वितीय तिमाही में आई.ओ.सी. द्वारा 1229 करोड़ रुपया, एच.पी.सी.एल. द्वारा 294 करोड़ रुपया और बी.पी.सी.एल. द्वारा 321 करोड़ रुपया मुनाफा हुआ है। जब तेल कम्पनियों से सरकार को लाभांश मिल रहा है, तो माननीय वित्त मंत्री जी अपने उत्तर में बतायेंगे कि उनके पास ऐसे कौन से आंकड़े हैं जिसके आधार पर वह कहते हैं कि तेल कम्पनियों को घाटा हो रहा है, सरकार घाटे में चल रही है। जब सरकार को तेल कम्पनियों से लाभांश मिल रहा है और तेल कम्पनियां मुनाफे में काम कर रही हैं तो सरकार एक आम आदमी की कमर तोड़ने पर क्यों आमादा है?

सभापति महोदय, श्री आचार्य जी ने ठीक ही कहा है कि सरकार के पास नियंत्रण के लिये जो ए.पी.एम. था, उसे खत्म कर दिया गया। उससे तेल कम्पनियों पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया। पहले ओ.सी.सी. के माध्यम से तेल आयात होता था लेकिन अब यह व्यवस्था हो गई है कि तेल कम्पनियां चाहे जहां से तेल खरीद सकती हैं। उन पर कोई अंकुश नहीं है। कम्पनियां तेल के भाव स्वंय तय करती हैं। मैं चाहूंगा कि इस बात को देखने की आवश्यकता है। हम कच्चे तेल का आयात करते हैं जिसे रिफायनरी में परिष्कृत करने के लिये भेजा जाता है। उससे पेट्रोल, बैंजीन, डीजल और नेफ्था आदि बनाये जाते हैं। यह सब प्रोसैस करने के बाद भी हमारे यहां कॉस्ट दुनिया में सब से ज्यादा है। सिंगापुर में एक अमरीकी डालर प्रति वैरल, भारत में 6-7 डालर प्रति वैरल है। इस प्रकार सिंगापुर हमारा मार्गदर्शक है। यूरोपियन देशों में भी जी.आर.एम. एक अमरीकी डालर प्रति वैरल है। मैं सरकार से चाहूंगा कि इस बात को भी देखा जाये कि ऐसा किस तरह हो रहा है। तेल कम्पनियों के पास बेशुमार दौलत जा रही है। जब तेल कम्पनियों की शुरुआत हुई थी, उस समय तेल कम्पनियों को संरक्षण दिया गया था और विपणन में 8000 रू.

जो प्रोफेट मार्जिन दिया जाता था जिसे आज बढ़ाकर लगभग 18 हजार रू. कर दिया गया है। आज के संदर्भ में उसे घटाने के बजाय बढ़ाते जा रहे हैं। यह फिजूलखर्ची के अलावा और कुछ नहीं है।

सभापति महोदय, हम तेल का मुख्य रूप से आयात दुबई और मलेशिया से करते हैं । तेल की कीमत अक्तूबर में 50 डालर प्रति बैरल हुई थी जबकि हम दुबई से 38 डालर प्रति बैरल तेल ले रहे हैं। हमारा दो तिहाई तेल दुबई से आता है लेकिन पूरी दुनिया में इस प्रकार का प्रचार किया जाता है कि तेल का दाम 50-55 डालर प्रति बैरल हो गया है। आज महंगाई बढ़ रही है जबकि हम तेल दुबई से सस्ते दामों पर ले रहे हैं। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में हमारा रुपया मजबूत है तो महंगाई उसके अनुसार बढ़नी चाहिये थी, जो नहीं बढ़ी। सरकार अपनी सुविधानुसार तेल का दाम तय कर लेती है। देश की आजादी के बाद इन ऑयल कम्पनियों को संरक्षण देने के लिये effective rate of Protection दिया जाता था, जो लगभग पचास प्रतिशत है। आजादी के बाद जब ये कंपनियां शुरू हुई थीं, तब इन्हें संरक्षण देने का काम शुरू किया गया था। अब ये कंपनियां फायदे से चल रही है। लेकिन यह जो इतना सारा पैसा जाता है, इसका उपयोग कल्याणकारी योजनाओं में किया जा सकता है, लेकिन हम लोग वैसा नहीं कर रहे हैं।

सभापति महोदय, मैं आपकी मार्फत एक बात जरूर कहना चाहूंगा और साथ ही यह भी चाहूंगा कि सरकार इस पर तवज्जह दे। दुनिया के सारे देशों में जो मौजूदा ईंधन है, वे सभी देश वैकल्पिक ईंधन की तलाश करने में लगे हुए हैं और इसके लिए युद्ध स्तर पर शोध और पायलट टैस्टिंग चल रही है। हमारे यहां एल्कोहल का मिश्रण और बायो डीजल तक ही यह मामला सीमित है। तेल कंपनियां विदेशों में जाकर तेल क्षेत्र खरीदने में लगी हुई हैं, लेकिन किसी भी कंपनी ने अभी तक समयबद्ध तरीके से जैसे हाइड्रोजन इनर्जी या हीलियम इनर्जी आदि वैकल्पिक ईंधन हेतु प्रयास नहीं किया है। आज दुनिया के विकसित देशों में हाइड्रोजन के लिए समयबद्ध योजना

लोगों ने बनाई है। यूरोप में इस दशक के अंत तक हाइड्रोजन से चलने वाले वाहन सड़कों पर आ जायेंगे। चीन ने भी दुपहिया वाहनों के क्षेत्र में ऐलान कर दिया है कि थोड़े ही समय में हाइड्रोजन से चलने वाले दुपहिया वाहन उनके देश में सड़कों पर आ जायेंगे। मैं कहना चाहता हूं कि जब ईंधन की किल्लत हैं, जब इस ईंधन का संकट है तो क्या हमारे देश में इन संभावनाओं पर कभी विचार किया गया कि दूसरा वैकल्पिक ईंधन तैयार करने के लिए हम कुछ शोध करें, कुछ प्रयास करें। मैं कहना चाहूंगा कि इस दिशा में कोई प्रयास नहीं हो रहा है। यह सबसे गंभीर मामला है।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि पेट्रौल और डीजल के जो बेसिक मूल्य है, उससे सौ गुना ज्यादा टैक्सिज हैं। सभी प्रांतों के आंकड़ें मेरे पास हैं। मुझे यह कहते हुए फLा है कि उत्तर प्रदेश ऐसा प्रांत हैं, जहां अभी तक तुलनात्मक दृष्टि से सबसे कम टैक्स पेट्रोल और डीजल पर है।

मैंने उस दिन श्री मणिशंकर अय्यर जी को सुना था। उन्होंने कहा कि हमने राज्यों को खत लिख दिये हैं। मैं कहना चाहता हूं कि केवल राज्यों को खत लिखने से काम नहीं चलेगा। आपने कहा था कि हम काम करेंगे। जहां आपकी कांग्रेस पार्टी द्वारा शासित प्रदेश हैं, उन्हीं प्रदेशों में सबसे ज्यादा पेट्रोल और डीजल पर टैक्सिज हैं। क्या उन्हें कम करने की दिशा में आप कोई प्रयास नहीं करेंगे। क्या आप एक आदर्श स्थापित नहीं करेंगे। मैं समझता हूं कि हमें इस ओर भी जाने की आवश्यकता है।

अंत में मैं खास तौर से निवेदन करना चाहता हूं कि वित्त मंत्री जी आप पैट्रोलियम मंत्री जी से बात करें, हमारे देश में जो प्राकृतिक गैस है, वह सभी पैट्रोलियम उत्पादों का विकल्प हो सकती है । लेकिन होता क्या है कि जब हम इनका आयात करते हैं तो इसका आयात एक तरल पदार्थ के रूप में हमें मिलता है और माइनस 160 डिग्री सैल्शियस पर ठंडा करने के बाद हम उसे टैंकर्स में ले जाते हैं। उसके बाद यह उर्वरक कारखानों और औद्योगिक इकाईयों में जाता है। जो तरल पदार्थ हम लोग आयात करते हैं, यह तरल पदार्थ अगर हमें गैस के रूप में मिले तो निश्चित

रूप से तुलनात्मक दृष्टि से वह काफी सस्ता होगी। दुनिया में सबसे ज्यादा प्राकृतिक गैस ईरान, कतार और रूस में है। ईरान से अगर हम पाइप लाइन बिछाकर यह गैस ले आएं तो वर्तमान ईंधन की तुलना में गैस हमें सस्ती पड़ेगी और पाकिस्तान और ईरान इस प्रोजैक्ट के लिए तैयार हैं। लेकिन दुर्भाग्य से अपेक्षाकृत विशेष प्रयास इस दिशा में हम नहीं कर रहे हैं। जब हम पाकिस्तान से रिश्तों की बात करते हैं तो उसमें कश्मीर ही एक मुद्दा नहीं हैं। व्यावसायिक रिश्ते भी उसका एक अहम् आधार हो सकते हैं। मैं समझता हूं कि यदि पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते ठीक हो जाएं तो इससे पाकिस्तान को भी लाभ होगा और हमें भी लाभ मिलेगा। लेकिन हम लोग इस दिशा में कोई सकारात्मक प्रयास नहीं कर रहे हैं।

आखिर मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अभी भाई जयप्रकाश जी Eांग्रेस पार्टी की तरफ से बोले, श्री हरिन पाठक भारतीय जनता पार्टी की तरफ से बोले। लेकिन हमारा अनुभव है और उस अनुभव के चलते हमारा मानना है कि आर्थिक नीतियों पर चाहे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार हो या यू.पी.ए. की सरकार हो, इनमें कोई ज्यादा बुनियादी फर्क नहीं है।

16.00 hrs.

समाजवादी पार्टी की शुरू से ही यह राय रही है जिस तरह से महंगाई बढ़ी है उससे हमारी राय और मज़बूत होती जा रही है। हम चाहेंगे कि आज पूरे देश की जो स्थिति है, उसको सरकार समझे। मैं तुलनात्मक आंकड़ों में नहीं जाना चाहता क्योंकि असल और बुनियादी सवाल यह है कि हिन्दुस्तान में नयी सरकार बनने के बाद यहां के आम आदमी को अहसास होना चाहिये कि यह सरकार पिछली सरकार की तुलना में अच्छा काम कर रही है और चिदम्बरम साहब माफ करें, अगर यह संदेश नहीं दे सके तो आपके इस सरकार में आने और चलाने का कोई मतलब नहीं है। मुझे इतनी ही निवेदन करना था।

श्री गणेश प्रसाद सिंह (जहानाबाद) : माननीय सभापति जी, आज नियम 193 के तहत काफी गंभीर एवं महत्वपूर्ण विषय पर इस सदन में चर्चा हो रही है। माननीय सदस्य श्री बसुदेव आचार्य जी, रामजीलाल सुमन जी, श्री हरिन पाठक जी एवं श्री जयप्रकाश जी ने अपने-अपने सुझावों को आपके माध्यम से सरकार के सामने रखा। मेरी यह मान्यता है कि महंगाई ऐसी चीज़ है कि जिससे इस देश के आम आदमी पर उसका काफी बुरा असर पड़ता है और खासकर जो गरीब लोग हैं, जो कमज़ोर हैं, जो मध्यम वर्ग के लोग हैं, उनकी कमर टूट जाती है। हर सरकार वादा करती है कि हम महंगाई को नियंत्रित करेंगे, महंगाई पर रोक लगाएंगे। विपक्ष के लोग कहते हैं कि महंगाई बढ़ रही है, हम इसके खिलाफ आंदोलन करेंगे। यह बात तो ठीक है, लेकिन यह महंगाई रुकेगी कैसे? यह एक दिन में बढ़ने वाली चीज़ नहीं है। अभी हमारे एनडीए के साथियों ने बताया कि यह सरकार महंगाई को रोकने में विफल रही है। लेकिन मैं उनसे जानना चाहता हूँ कि पिछले छः वर्षों में वे क्या कर रहे थे? उनकी जो महंगाई की दर थी, उनके कार्यकाल में वह कितनी बढ़ी? उन्होंने जब तक शासन किया, उनके शासनकाल में महंगाई की दर 7 फीसदी से अधिक हो गई थी, परंतु उन्होंने महंगाई पर रोक लगाने का काम नहीं किया। यूपीए की सरकार जब माननीय डॉ. मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में बनी तो उसमें न्यूनतम साझा कार्यक्रम बना था और उस न्यूनतम साझा कार्यक्रम में निर्णय लिया गया और उसके माध्यम से राष्ट्र की जनता को आश्वस्त किया गया कि हम महंगाई बढ़ाएंगे नहीं बल्कि महंगाई पर नियंत्रण करेंगे। आपके पिछले छः महीनों में यह नहीं आँका जा सकता कि यह सरकार महंगाई को रोकने में विफल हुई। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि सरकार ने महंगाई को रोकने का निरंतर प्रयास किया है। परंतु अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में कच्चे तेल और पैट्रोलियम पदार्थों के दामों में निरंतर वृद्धि के कारण, मुद्रा स्फीति में वृद्धि के कारण, हमारे देश में प्राकृतिक प्रकोप के कारण कहीं सूखा और बाढ़ आने के कारण से महंगाई पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं हो पाया है। लेकिन एक बात मैं आपके

माध्यम से निवेदन करना चाहता हूँ कि सरकार का कर्तव्य और दायित्व है कि महंगाई के बोझ से जनता को बचाए।

मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि आज इस सदन में जो सुझाव आए हैं, उन सुझावों को मानकर उन कामों को प्राथमिकता देकर महंगाई पर रोक लगाने का काम करें। यह ऐसी विकराल समस्या है जिसके कारण 1967, 1977 तथा 1989 में भी देखा गया कि जब महंगाई तेज़ी से बढ़ी तो विपक्ष के आंदोलन के साथ जनता भी खड़ी हो गई और फिर सरकार की कोई बात नहीं चली। हमारे साथ मार्क्सवादी पार्टी के लोग हैं। इन्होंने पहले से ही चेतावनी दे रखी है कि राशन की चीजों, तेल और रसोई गैस तथा डीज़ल और पैट्रोल के दामों में बढ़ोतरी हम बर्दाश्त नहीं करेंगे क्योंकि इनके दामों के बढ़ने से आम जनता के उपयोग और उपभोग की वस्तुओं के दाम भी निरंतर बढ़ते जाते हैं और फिर उन पर नियंत्रण नहीं रहता है।

मैं पुनः आपके माध्यम से सरकार और माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करूँगा कि इस महंगाई पर नियंत्रण रखा जाए ताकि हमारी यूपीए सरकार ने जनता से जो वादा किया है, उसको हम पूरा कर सकें। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : माननीय सभापति महोदय, महंगाई पर आपने बोलने का मौका दिया है । हम आपको धन्यवाद ज्ञापित करना चाहते हैं ।

महोदय, आज हिन्दुस्तान के अंदर महंगाई चरम सीमा पर है । आम आदमी का जीना दूभर हो गया है । पेट्रोलियम कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है । खाद, पानी, बिजली, जरूरी दवाएं, सभी आवश्यक वस्तुं, जो दैनिक जीवन में प्रयोग होती हैं, सभी वस्तुओं की कीमतों में भयंकर रूप से वृद्धि हो रही है । जहां राष्ट्रीय आमदनी में आठ प्रतिशत की कमी हुई है, वहां मुद्रास्फीति में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है । महंगाई के सामने आम आदमी का जीवन दूभर हो

गया है । इस सदन में हमें दिल खोल कर सोचना होगा, चाहे सत्ता पक्ष के लोग हों, चाहे विपक्ष के लोग हों, चाहे हम लोग जो बाहर से समर्थन कर रहे बहुजन समाज पार्टी या समाजवादी पार्टी के लोग हैं, सबको दिल की आत्मा की आवाज पर विचार करना होगा । अपनी आत्मा और मस्तिष्क को मिलाना होगा । आम आदमी के बारे में सोचना होगा, जो हिंदुस्तान में 75 प्रतिशत किसान रहता है, जिनके पास झोपड़ी नहीं है । हम लोग ऊंची अट्टालिकाओं के नीचे बैठ कर भाषण देने का काम करते हैं । हिंदुस्तान की राजनीति में आंकड़ेबाजी होती हे । सभी पार्टियां अपने आंकड़े रखती हैं कि हिंदुस्तान में इस ढंग से आबादी बढ़ी है, इस ढंग से महंगाई बढ़ी है, इस ढंग से पेट्रोलियम कीमतों में वृद्धि हुई है ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि हमें अपनी आत्मा की आवाज पर आज हिंदुस्तान के दलितों के बारे में, दबे हुए, कुचले हुए, पिछड़े हुए लोगों के समाज के बारे में सोचना होगा । हमारे आदर्श पुरुष डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडर ने भी कहा था कि जब तक हिंदुस्तान के आम आदमी को राजनीति में हिस्सेदारी नहीं देंगे, सत्ता की चाबी नही सौंपेंगे, तब तक हिंदुस्तान के आम आदमी को सुख-चैन नहीं मिलेगा । हमारी बहन सुश्री मायावती ने भी दलितों के लिए संघर्ष करने का काम किया । हमारी बहुजन समाज पार्टी आंकड़े प्रस्तुत करने में विश्वास नहीं रखती है । आंकड़े तो यहां के अधिकारी बेहतर ढंग से प्रस्तुत करेंगे । पढ़ाई-लिखाई का काम करेंगे, लेकिन हमें तो आत्मा की आवाज पर, अपने दिल की बात पर उस आम आदमी के बारे में सोचना होगा जो यहां से हजारों किलोमीटर दूर बगैर पानी के, बिजली के, झोपड़ी में बिना पंखे के सोता है, मरता है । उसे खाने के लिए रोटी नहीं मिलती है, भूखा मरता है । महोदय, आपको विश्वास नहीं होगा, आप सुदूर गांव में चले जाएं। हम जो एक रोटी यहां की कैंटीन में झूठी छोड़ देते हैं या चावल छोड़ देते हैं उन्हें छीनने के लिए लड़ाई होती है । गांव में बड़े आदमी के घर बारात आती है और जब रात में बारात निपट जाती है तो रात के दो बजे के बाद,

भोर के तीन बजे गरीब आदमी, दलित लोग, दबे-कुचले पिछड़े लोगों में चावल और झूठी सब्जी लेने के लिए लाठियां चलती हैं । हमें सोचना होगा, विचार करना होगा कि इसके पीछे कौन हैं । हिंदुस्तान की आजादी के बाद जो-जो सरकारें आईं, उन्होंने आम आदमी के बारे में विचार करने का मन नहीं बनाया, केवल सत्ता प्राप्त करने की बात सोची । हमारे भाई भारतीय जनता पार्टी के श्री हरिन पाठक हमारे बड़े भाई हैं । मैं उनका सम्मान करता हूं । मुझे उनके भाषण से लगा कि उनकी आत्मा में हूक है कि हम चुनावी इम्तिहान में 33 प्रतिशत नम्बर क्यों प्राप्त नहीं कर सके । मुझे दर्द है और हमें आम आदमी के बारे में सोचना होगा । सत्ता के बजाए हमें आम आदमी के बारे में सोचना होगा । हमें सुदूर गांव के आम आदमी की आवाज को सुनना होगा ।

महोदय, मैंने सैशन के दौरान दिल्ली में अखबार में पढ़ा कि पानी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है । जिस हिंदुस्तान में दूध की नदियां बहती थीं, कहा जाता था जब अंग्रेज हिंदुस्तान में आए थे हिंदुस्तान को सोने की चिड़िया कहा जाता था । लेकिन आज सोने की चिड़िया में कोई सोचता नहीं था कि दूध दस रुपये लीटर या 12 रुपये लीटर बिकेगा । हिंदुस्तान में दूध की नदियां बहती थीं । मान्यवर, मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज हिंदुस्तान में दूध की बात तो छोड़ दीजिए, पानी 12 रुपये लीटर हम खुशी से खरीद कर पीते हैं कि पानी शुद्ध मिलेगा । यह कैसी भाग्य की विडम्बना है । हमारे संविधान के निर्माताओं ने, आजादी के लड़ाकों ने जिन्होंने आजादी के नाम पर अपनी आहूति दे दी, अपने परिवारों की आहूति दे दी, उनके बारे में हमें सोचना पड़ेगा । उन्होंने सत्ता की ओर नहीं देखा था, न ही श्री चंद्रशेखर आजाद, श्री भगत सिंह ने सत्ता की ओर देखा था, जो हमारे आदर्श पुरुष हैं । उन्होंने हिंदुस्तान की आजादी के नाम पर अपने आपको शहीद कर दिया । जब तक हिंदुस्तान के आम आदमी की बात को हम मजबूती के साथ इस सदन से पारित नहीं कराएंगे, तब तक समस्या का समाधान नहीं होगा । चाहे पेट्रोलियम कीमतों में वृद्धि का सवाल हो या कोई और सवाल हो । हम माननीय वित्त मंत्री जी से

जानना चाहते हैं कि इस राष्ट्रीय आमदनी में जो महंगाई बढ़ी है, उसमें पेट्रोलियम कीमतों में वृद्धि का कितना प्रतिशत है ?

Comment [i31]: Cont. w2

Comment [rpm32]: (Cd.by Shri Brijesh Pathak)

सभापति महोदय, यह देखना पड़ेगा कि जहां पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, वहां दूसरी ओर किसान द्वारा पैदा की जाने वाली वस्तुओं, धान, दाल और अन्न की कीमतों में बेतहाशा कमी क्यों हो रही है। आपको यह देखना पड़ेगा कि किसान के द्वारा पैदा की जाने वाली चीजों में कमी क्यों हो रही है। उसके द्वारा पैदा की जाने वाली चीजों की कीमतों में वृद्धि क्यों नहीं हो रही है। आपको यह भी देखना पड़ेगा कि चीनी और शुगर उत्पादों की कीमतों में बढ़ोत्तरी की गई है या नहीं। गन्ने के दाम बढ़ाने के बारे में यहां कोई बात नहीं करता। किसान बड़ी मेहनत करता है और अपने द्वारा उत्पादित गन्ने को ले जाकर मिल मालिक के दरवाजे पर उधार डाल आता है और उसे पता भी नहीं होता है कि उसका पैसा छः महीने में भी मिल पाएगा या नहीं, लेकिन फिर भी वह गोली खाता। उसे सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलता। राजस्थान में सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ाने हेतु आन्दोलन करने पर किसान गोली खा रहा है।

सभापति महोदय, मैं अन्त में अपनी बात समाप्त करते हुए कहना चाहता हूं कि किसान द्वारा पैदा की जा रही चीजों के दाम बढ़ाने पर भी आपको सोचना पड़ेगा। आज किसान महंगाई से पिस रहा है। बैंकों की ब्याज दर बढ़ने से भी महंगाई बढ़ी है। मैं आज सदन और सरकार से गुजारिश करता हूं कि आम आदमी के बारे में आपको सोचना पड़ेगा। उसे भी सत्ता में हिस्सेदारी देनी पड़ेगी, तभी हिन्दुस्तान प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है। महंगाई आज अपनी चरम सीमा पर है। इसे बढ़ने से रोकने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय करने होंगे और कदम उठाने पड़ेंगे।

महोदय, मैं अन्त में, दो लाइनें कहकर अपनी बात समाप्त करता हूं-

" हो चुकी पीर पर्वत सी, अब पिघलनी चाहिए।
इस हिमालय से एक नई गंगा निकलनी चाहिए।। "

सभापति महोदय, मुझे बोलने का अवसर प्रदान करने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRIMATI V. RADHIKA SELVI (TIRUCHENDUR): Hon. Chairman, Sir, I am representing Tiruchendur constituency which is in the southern tip of India, in which the famous Kanyakumari is located.

I thank you for giving me this opportunity to participate in this discussion. I am very grateful to my DMK Party which has very good reputation of long standing under the able Presidentship of our leader, Dr. Kalaignar Karunanidhi without whom I would not have been here.

I would like to bring this to the kind notice of the dignified Members of the Lok Sabha. The prices of essential commodities have attained galloping speed due to additional tax levied on petroleum products. Hon. Minister of Petroleum and Natural Gas, Thiru Mani Shankar Aiyar stated that fifteen States have charged heavy additional tax ranging from 15 per cent to 34 per cent on petroleum products. This has led to the increase in transportation cost.

Since the prices of petroleum prices have gone up, transport costs have also increased. This has resulted in the increased prices of essential commodities, like vegetables, fruits, pulses and cooking oil, which we use daily. The Central Government should direct the State Governments, especially Tamil Nadu, to reduce the sales tax immediately, so that the prices of all essential commodities could also be reduced.

In my constituency, there are plenty of villages in which mostly fishermen live. They live only by fishing. They use kerosene for their boats. Now, since the price of kerosene is very high, they find it difficult to purchase it. Without kerosene they cannot go for fishing. This is a very serious problem prevailing in my constituency.

I humbly request the Government to give subsidy for the purchase of kerosene to the fishermen for their boats. A speedy action is required for this. In my constituency, there is a place named Thovalai, which is renowned for flower cultivation. Quite often, there is price fluctuation. Since it is a perishable commodity, they are not able to store them for longer periods. So, they are forced to sell them at a throwaway price very often. It is high time the Central Government should set up cold storage for the benefit of marginal farmers so

that price fluctuation does not occur in future. Cold storage is a must for all perishable products. If the Central Government could provide cold storage centres in all district headquarters, where they are required, the farmers could be benefited.

There are many cement manufacturers in Tamil Nadu. Raw material for the production of cement is available around the factories itself.

Comment [r33]: contd. by X2

In spite of these facilities that are available, the price of cement is Rs.170 per bag. Due to high price of cement, construction work has suffered and in turn, the masons also suffered. So, suitable preventive measures have to be taken to bring down the price of cement. Only then the construction work will thrive.

The Central Government has given importance to manpower and given reduction of tax in respect of textile and match factories. I humbly request the Central Government to give subsidy to fishermen for the purchase of kerosene. Also, proper steps have to be taken to reduce the price of cement. Only then the construction work will thrive. I hope and trust that the above matters will be given due importance.

With these words, I conclude.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : सभापति महोदय, धन्यवाद। सदन में नियम 193 के अंतर्गत महंगाई के संबंध में चर्चा हो रही है। मुझे याद है जब 1 दिसम्बर, 2004 को एक विराट प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में दिल्ली में आयोजित किया गया और उसमें लाखों की संख्या में पूरे देश का प्रतिनिधित्व हुआ। उसमें विशेष रूप से ध्यान देने के लिए एक विषय आया। समाचार-पत्रों की टिप्पणी थी कि एनडीए के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 30 वर्षों बाद इस प्रदर्शन में अपनी गिरफ्तारी दी। उसमें उल्लेख किया गया कि एक बार गिरफ्तारी आपातकाल में दी थी। वास्तव में ऐसा लगता है कि अब मौजूदा समय में आफतकाल आ गया है - आम आदमी के लिए एक आफत, मुसीबत यूपीए की सरकार लेकर आई है, क्योंकि चौतरफा महंगाई पैट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि के कारण हो गई है। यह कहना सही नहीं होगा कि दवा, दूध, खाद्य तेल, मिट्टी का तेल, गैस, सब्जियां, दालें, यहां तक कि पानी दिल्ली में जो 30 पैसे किलो लीटर उपलब्ध था, वह अब दो रुपए किलो लीटर है। बिसलरी की बोटल 12-14 रुपए लीटर है और वह भी अशुद्ध है। कुल मिला कर चौतरफा महंगाई बढ़ी है और उसकी चपेट में आम आदमी आया है। चाहे जितने सरकार के समर्थन में लोग हों, चाहे विपक्ष के हों, हरेक का यह मानना अवश्य है कि देश में महंगाई चौतरफा बढ़ी है। इसके कारण अनेकानेक ढंग से कहे गए कि एनडीए की सरकार थी तो इतने दाम बढ़े, लेकिन अगर हम वास्तविकता में जाएं तो देखेंगे कि कोई भी विकासशील देश होगा, वहां निश्चित रूप से इनफ्लेशन का रेट बढ़ेगा, इसमें दो राय नहीं हैं। Creeping Inflation होगा। अगर सही मैनेजमेंट और सही नीतियां होंगी तो इनफ्लेशन का रेट धीरे-धीरे बढ़ेगा, जिससे एम्प्लायमेंट का जेनरेशन भी होगा और देश का डेवलपमेंट भी होगा। अगर मिसमैनेजमेंट होगा, सही नीतियां नहीं होगी, सही पालिसी और ठीक समय पर ठोस निर्णय नहीं होगे, तो it may be a running inflation or it may be a jumping inflation.

महोदय, आज जो इनफ्लेशन का रेट आया है, जो चार प्रतिशत के आस-पास साढ़े छः वर्षों तक रहा, वे आंकड़े लगभग आठ प्रतिशत को छू गए हैं। यह बिलकुल जम्पिंग इनफलेशन है, जिसे नियंत्रण में लाना अतिआवश्यक है। मुझे यहां पर यह स्मरण आता है, जब सदन में उल्लेख किया गया कि एनडीए की सरकार आठ प्रतिशत की विकास दर लेकर आएगी और उस समय आज के सत्तापक्ष की ओर से यह कहा गया कि ये तो मुंगेरी लाल के हसीन सपने हैं, लेकिन वास्तव में वे हसीन सपने सही साबित हुए। सपने-सपने नहीं रहे, हकीकत हो गए और तब 8.4 प्रतिशत की विकास दर आई । दसवें प्लान की मध्यावधि समीक्षा में प्लानिंग कमीशन का कहना है कि हम सात-साढ़े सात प्रतिशत से ऊपर नहीं जा पाएंगे। मेरा अनुरोध होगा कि थाने, दोनों तरफ इनफ्लेशन को कंट्रोल करने और ग्रोथ रेट को कैसे इनहांस कर सकते हैं, इस दिशा में प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इसका रेमिडियल उपचार, समाधान होना चाहिए। मुझे आज अपने ही घर के लोगों से पूछना पड़ा कि गैस सिलैंडर का भाव क्या है तो पता लगा कि पहले दिल्ली में 200 रुपए था, जो अब 284 रुपए हो गया है। मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, यहां से लगभग 400 किलोमीटर की दूरी पर जो मंडी है, वहां से भी डेढ़ सौ किलोमीटर दूर मोटर ट्रंसपोर्ट उपलब्ध है। दुर्भाग्य से जो ऑयल कम्पनी पहले सब्सिडी देती थी, यहां माननीय पैट्रोलियम मंत्री जी उपस्थित हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि इसका लाभ हमें जरूर मिले। मैं उत्तरांचल से आता हूं।

बाद में अभी यह हुआ कि जो नई एजेंसीज आ रही हैं, वे मालभाड़ा भी सिलेण्डर के दाम में जोड़ रही हैं जिससे उसका दाम लगभग 310-315 रुपये प्रति सिलेण्डर पड़ रहा है, वह भी रोड हैड पर, जहां ट्रक से जा रहा है। उसके आगे भी 20-20 किलोमीटर टट्टू, खच्चर या हैडलोड पर जब सिलेण्डर लेकर जाएंगे तो वह लगभग 350 रुपये प्रति सिलेण्डर से कम नहीं आयेगा। यह केवल पैट्रोलियम पदार्थों का ही नहीं, हर चीज का मामला है, चाहे वह भवन निर्माण की सामग्री हो, ईंट हो, सीमेण्ट हो, लोहा हो, खाद्य साम्रगी हो, यह हर चीज के लिए है, लेकिन विशेष रूप से

पैट्रोलियम पदार्थ पर आप सब्सिडी देंगे या नहीं देंगे, लेकिन कम से कम यह गृहिणी से जुड़ा हुआ मामला है, जिसमें कि घर में हर व्यक्ति को 2-4 होना पड़ता है। इस पर विशेष रूप से ध्यान देंगे कि कैसे हम इसका समाधान निकालें। अभी हमारे वरिष्ठ सदस्य श्री रामजी लाल सुमन जी ने उल्लेख किया था कि हम वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में क्या कार्य कर रहे हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि अपनी एन.डी.ए. की सरकार में इस दिशा में काफी सार्थक प्रयास हुए। जहां तक एथेनोल को पांच से 10 प्रतिशत तक प्रतिशत पैट्रोल में मिलाया जायेगा, यह निर्णय हुआ था, यह कई राज्यों में हुआ भी, उस समय यह मेण्डेटरी था, लेकिन इस समय इसमें यह कर दिया है कि नहीं, छूट कर दी है कि मिलायें या नहीं मिलायें। जिससे वह सारा कार्य जो एक मिशन के रूप में आगे बढ़ा था, ऐसा लगता है कि उसमें कुछ ब्रेक सामने आ गया है। जो बायोडीजल का क्षेत्र है, इसका इसलिए उल्लेख करना आवश्यक है कि जहां एक तरफ इतना प्राइस राइज हो रहा है और हर एक चीज के लिए कहा जा रहा है कि पैट्रोलियम पदार्थों के दाम में वृद्धि के कारण आज चौतरफा महंगाई बढ़ी है। कारण वह नहीं है, यह उसका एक कारण हो सकता है, लेकिन समग्र रूप से केवल पैट्रोलियम पदार्थों के मूल्य ही इस सारी महंगाई के लिए जिम्मेदार हैं, यह बात सही नहीं है। लेकिन फिर भी चूंकि दूनिया भर में उसका स्टाक लिमिटेड है-नम्बर एक। आने वाले कुछ वर्षों में यह सारा भंडार समाप्त होना है और हमें अपने यातायात और अन्य क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक ईंधन पर जाना है, इसलिए एथेनोल का जो प्रोग्राम है, वह आगे बढ़ना चाहिए। नम्बर दो-जो बायोडीजल में रतनजोत है, जैट्रोफास है। बायोडीजल का प्रोग्राम चला था, लेकिन अभी हमें यह जानकारी मिली है कि जहां-जहां पौध पैदा कर रहे हैं, उसमें फंड्स रिलीज नहीं हो रहे हैं, जबकि उसकी आवश्यकता थी कि उसकी नर्सरीज वगैरह लगें और देश में पूरे बेनाप भूमि पर या वेस्टलेंड में उसकी उपज हो। इससे न केवल देश के भीतर बायोडीजल पैदा होगा, बल्कि करोडों लोगों के रोजगार का एक माध्यम भी यह बनने वाला है। लिहाजा इस देश में विशेष प्रयास करके

जो बायोडीजल के क्षेत्र को आगे बढ़ाना चाहिए। इतना ही नहीं, जो एल.पी.जी. है, इसके लिए बायोगैस का क्षेत्र हम कितना बढ़ा सकते हैं, देश के भीतर इस दिशा में भी विचार अवश्य करें।

मुझे एक विशेष उल्लेख करना है, चूंकि मैंने पूर्व में उल्लेख कर दिया कि मैं उत्तरांचल से आता हूं। अभी हाल तक जब जनवरी-फरवरी में हम लोग चुनाव के मैदान में थे तो हमारे विरोधी पक्ष की और से एक उल्लेख वहां किया जाता था, मैं नाम नहीं लूंगा, वहां अपनी उत्तरांचल की भाषा में ही कहते थे, 30 रुपये का तो एक किलो तेल और 20 रुपये की गुड़ की भेली मिलती थी तो वे बोलते थे, 'तीसो का तेल, बीसे की भेली, के खाली ब्वारी, के खाली चेली।' यानि 30 रुपये का तो एक किलो तेल और 20 रुपये की एक गुड़ की भेली मिलती है, क्या बहू खायेगी और क्या बेटी खायेगी। आज हालत यह हो गई कि आज 60 रुपये का एक किलो तेल हो गया और 40 रुपये से ऊपर भेली हो गई। अब हम उनसे पूछ रहे हैं कि महाराज, अब आप बताइये कि 'साठ का तेल, 40 की भेली, के खाली ब्वारी, के खाली चेली।' यानि आम आदमी के लिए जस्ट डबल हो गया। यह मंडी के नजदीक तो सस्ता हो सकता है, लेकिन रिमोट और फार फ्लंग एरियाज हैं, रेगिस्तान से लगे हुए क्षेत्र हैं, तटीय क्षेत्र हैं और पूरा हिमालत का क्षेत्र है वहां स्थिति बहुत खराब है, तो इस दिशा में विशेष रूप से ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

मेरा सुझाव है कि पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में हम केवल खाद्यान्न ही नहीं, आवश्यक वस्तु कितनी ले सकते हैं, दालें कितनी ले सकते हैं, अन्य चीजें कितनी शामिल कर सकते हैं, इस पर भी विचार हो। पैट्रोलियम के अगर दाम बढ़ रहे हैं तो थोड़े दाम बढ़ें, यह ठीक है, कम्पनी को मुनाफा कुछ कम होकर मिले, लेकिन कन्ज्यूमर को सब्सीडाइज करके उसका फायदा दिया जाये।

तीसरे, जो गरीब मजदूर हैं, उनकी मजदूरी अभी 58 रुपये ही दी जा रही है। आज ही मैंने टेलीफोन से पता किया है कि 73 रुपये जो मिनिमम वेजेज फिक्स हुए हैं, लेकिन फील्ड में अभी

73 रुपये पर डे नहीं दिये जा रहे हैं। इस ओर तत्काल ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। एक ओर तो महंगाई बढ़ गई और दूसरी ओर मजदूर 58 रुपये मिल रही है, जबकि 73 रुपये मिलनी चाहिए, इस पर ध्यान दियाजाये और पूरे देश में मिनिमम वेज तत्काल फिक्स किया जाये। रोजगारसृजन के लिए बहुत सारी बातें की गईं। अभी सुनने में आया कि रोजगार गारण्टी योजना हम शुरू करने जा रहे हैं, जिसमें 100 दिन का रोजगार एन्श्योर करेंगे। मुझे जहां तक जानकारी है, दसियों साल से एम्पलायमेंट एश्योरेंस स्कीम चालू है, सुनिश्चित रोजगार योजना में 100 दिन का रोजगार वही है।

Comment [r34]:

मजदूरी के लिए पूरे देश में योजना पहले से लागू है। उसका केवल इनैक्टमैंट करना है, उसमें नया कुछ नहीं है। लेकिन उसमें हम स्व-रोजगार कितना बढ़ा सकते हैं, लघु उद्यम कितना बढ़ा सकते हैं, यह देखना है।

सैंट्रल गवर्नमैंट और स्टेट गवर्नमैंट के इम्प्लाइज़ का दिल्ली का उदाहरण लें। हर जगह आम बात थी कि करैंट प्राइस इंडैक्स पर डीए फिक्स किया जाएगा। लेकिन हुआ यह कि दो साल पहले फाइल चली और उस प्राइस इंडैक्स पर डीए फिक्स किया गया और बेसिक पे में मर्ज कर दिया गया। इससे उनको कोई विशेष फायदा नहीं मिला। कहा यहां तक गया कि पांचवा पे कमीशन पुराना हो गया है, अब हम छटा वेतन आयोग ला रहे हैं। लेकिन उसका जिक्र न सीएमपी में है और न किसी एनाउंसमेंट में है, ऐसा सुनने में आया है। सैंट्रल गवर्नमैंट इम्प्लाइज़ को भी महंगाई से दो-चार होना पड़ता है, चाहे महंगाई की बात हो, चाहे भाड़े की बात हो या जरूरी वस्तुओं की बात हो। इस संबंध में मेरा अनुरोध होगा कि सरकारी कर्मचारियों के डीए में करंट प्राइस इंडेक्स पर वृद्धि होनी चाहिए, पे-कमीशन के लिए समग्र रूप से कमीशन सामने आना चाहिए और उनको राहत मिलनी चाहिए।

अब मैं जो गैर-जिम्मेदारी का कार्य हुआ है, उसके बारे में कहना चाहता हूं। प्लानिंग कमीशन ने जब फारेनर्स को सलाहकार नियुक्त किया तो उसका विरोध हुआ। आज एक चीज का विरोध हुआ तो कल उसका समर्थन हो गया। बाहर कुछ और भीतर कुछ, हम इसे मगरमच्छ के आंसू कह सकते हैं जो यहां काफी कुछ वामपंथी मित्रों की ओर से देखने में आए। लेकिन कुल मिलाकर जिस तरह जनविरोधी नीतियां आईं, महंगाई बढ़ाने वाली नीतियां आईं, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली नीतियां आईं, राजनीतिक क्षेत्र में देखें तो टकराव की राजनीति आई या तुष्टिकरण की राजनीति आई है, तुष्टिकरण - केवल वोट के हिसाब से और टकराव - विपक्ष के साथ टकराव की राजनीति। इस सबसे ऊपर उठकर हम महंगाई को कैसे दूर कर सकते हैं, नियंत्रण में ला सकते हैं। यह जनहित से जुडा हुआ मामला है, इस दिशा में पूरे विपक्ष की ओर से सरकार को, इसमें निश्चित रूप से सहयोग और समर्थन मिलेगा लेकिन मुझे नहीं लगता कि आज की परिस्थिति में ऐसा कुछ हो रहा है।

मैं एक शेर कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। एक मशहूर शायर ने कहा है ---

> बर्बाद गुलिस्तां करने को बस एक ही उल्लू काफी है
> अंजाम-ए-गुलिस्तां क्या होगा, हर शाख पे उल्लू बैठा है।

SHRI K.S. RAO (ELURU): Sir, I rise not to support price rise, but to support the steps that have been taken by the hon. Finance Minister as well as the hon. Minister of Petroleum.

Why I oppose the issue of price rise? It is because usually the price rise sufferers are poor, middle class and lower class people, particularly the unorganised people in the villages and the fixed income employees. It is certainly not the rich, industrialists and traders because whatever price rise is there, it is incorporated into the price of the product and the society is made to pay.

It is the duty of the Government to exhaust all means before raising the price of any commodity, that is, unless it becomes inevitable and affects the economy. In this particular case in regard to price increase of petroleum products, the hon. Minister of Petroleum has already explained that by virtue of 70 per cent of oil that is being imported, which has become inevitable, and due to the abnormal increase in prices in international market, he has absorbed lot of price rise and only to the extent where it could not be possible, has increased the price to a minimum extent.

Sometimes, even though there is a little increase, the traders and industrialists take a lot of benefit and in the guise of that, increase price by making extensive publicity in the society.

They will increase that price and will ultimately put the consumer at loss. In this context, I just want to mention some of the things that are going on in the parties. I would like to mention about the manner in which the BJP-led NDA Government acted when it was in power; and now when the price has increased, how the Congress-led UPA Government is behaving. I do not mean to say only BJP, but generally all the political parties. When the party is in power, it does not try to restrain, or it does not try to do as much as it has to do. But at the same time, those in the Opposition Benches, create so much havoc not only in arguments but also create panic in the House, and they stage dharnas etc. I saw

Comment [r35]: Ctd by a3

Comment [r36]: K.S. RAO CD.

the other day BJP Members staging a walk-out and staging a dharna there. If they were to recollect what they had done at the time they had increased the price, they would not have done that much. I will explain the difference between what they have done and what my Government has done.

A discussion went on on 17th April, 2000 on an Adjournment Motion on the price rise. My leader, Shrimati Sonia Gandhi had participated in the discussion. Her Government today had increased the price but inevitable part of it only, that too on petroleum. By whom is petroleum being used? Petroleum or diesel is being used by the rich men. They may say the effect of that has gone to the common man. But, what is the percentage of the effect on the common man? Out of the expenditure that he makes in his regular life, what is the component of these products? What are the essential requirements of a common man? They are food, shelter and clothing. But not petrol, air-conditioner or refrigerator.. (*Interruptions*) Now Road Transport Corporation (RTC) is using the diesel. The price will increase and naturally it will have an impact on the common man. There, the Government has to do something to see that the common man is not affected by the price rise by subsidising the road transport which is being utilised by the common man but not entirely.. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Mr. Rao, please address the Chair.

SHRI K.S. RAO : Now, the BJP-led NDA Government, in 2000, had increased the price of fertiliser by 51 per cent. Fertiliser is for whom? It is for the farmers. Who are the farmers? It is the most unfortunate lot which constitutes 75 per cent of the economy of the country. They never bothered about what would be the impact on the farmer by increase in the price of not only fertiliser, but also other inputs. While the prices of agro-products - food grains which they are producing in the farm - have not been increased, the increase in the price of fertiliser has led to a number of suicides by farmers in several parts of the country. Prices increased not in the case of farmers only. They went further. They increased the price of kerosene oil. Kerosene oil is used by whom? It is used by the common man. This Government has not increased the price of kerosene. How much price had they increased? During their regime, there was an increase of 151 per

cent in the prices of kerosene. Who were affected? The people living below the poverty line were affected. They went further. They increased the price of commodities like foodgrains, wheat, rice, sugar, which is being distributed through Public Distribution System. Who are using the Public Distribution System? It is not being used by the rich people or the middle-class people. It is only being used by the poor people. They say a number of things; they give long lectures in the shape of ethics and morale.

Comment [r37]: CD. BY b3

By their action in 2000, who had suffered? The poor people below the poverty line had suffered. I would have appreciated if they were to help the poor people by reducing the price of food grains which are supplied through the public distribution system. They did not do that. But my Government has not increased the price of food grains which are being supplied through the public distribution system. What right have they got to criticise my Government? What morale have they got? I do not understand that.

Simply because they are sitting in the Opposition now, they think that it is their duty to find fault with the Government which is in power, and because of that, they bite. I do agree that by virtue of their being in Opposition, they can criticise the Government wherever it went wrong, when it took a wrong step, and wherever its actions have affected the common man and poor people in particular. I have no objection to that. But today, their criticism appears to be only on the basis of their being in the Opposition. I can understand the Communists criticising this Government because they have taken a stand all the time. Though they are supporting this Government from outside, they are criticising the Government. When the NDA Government was in power, they criticised them. When we are in Government, they are criticising us. I have no problem with them. I cannot criticise them for that but not the BJP. . (*Interruptions*)

SHRI P.C. THOMAS : They can oppose. What about the people of India? Can they oppose? . (*Interruptions*)

SHRI K.S. RAO : I give another similar instance that when a discussion was going on under Rule 193 on 28th October, 1999, the then Government had

increased the price of HSD by 35 per cent and LPG by 30 per cent. They had put a burden of Rs. 9,700 crore on the people. Today, my Government, having understood the impact of this, once again reconciled to it and the Finance Minister has come forward with several measures by which he has foregone Rs. 2,850 crore by giving reduction in the customs duty and excise duty.

I was patiently listening to what my friend, Shri Harin Pathak was saying. He said that the oil prices in the last six months have increased three times. Do you know, Sir, how many times they increased the oil prices in 2002 and 2003? In 2002, they increased the oil prices 13 times. . (*Interruptions*)

MAJ. GEN. (RETD.) B. C. KHANDURI (GARHWAL): In how many years?

SHRI K.S. RAO : In only one year, 2002, they increased the oil prices 13 times. You can see the record.

